आकाशवाणी, भोपाल

प्रादेशिक समाचार

दिनांक : 14.07.2025 समय : 07.10AM

मुख्य समाचार -

1- मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने 7 दिवसीय विदेश दौरे के पहले दिन कल दुबई में निवेशकों से किया संवाद, कहा- एमपी में निवेश का अनुकूल माहौलए।
2- स्वच्छता सर्वेक्षण पुरस्कार में फिर चमकेगा मध्यप्रदेश, 17 जुलाई को राष्ट्रपति राज्य के आठ शहरों को विभिन्न श्रेणियों में करेंगी सम्मानित।
3- राज्य में लगातार बारिश का दौर जारी। इंदौर, उज्जैन, भोपाल सहित 35 जिलों में भारी बारिश का अलर्ट।
4- सावन का पहला सोमवार आज, उज्जैन, ओंकारेश्वर में उमड़ी भक्तों की भीड़।
5- लॉर्ड्स क्रिकेट टेस्ट मैच रोमांचक मोड़ पर, भारतीय टीम को जीत के लिए अंतिम दिन आज 135 रन की जरूरत।

**दुबई-स्पेन यात्रा - मुख्यमंत्री**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश अब देश का सर्वाधिक प्रगतिशील प्रदेश बन गया है। उन्होंने कहा कि हमने प्रदेश में निवेशकों के लिए 18 प्रकार की पारदर्शी औद्योगिक नीतियां लागू की हैं। जिससे यहां आने वाले निवेशकों को किसी भी कठिनाई का सामना नहीं करना पड़ता। मुख्यमंत्री कल दुबई में प्रवासी भारतीयों के फ्रेंड्स ऑफ एमपी इंटरनेशनल समूह के साथ संवाद कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने निवेशकों को भरोसा दिलाया कि आप मध्यप्रदेश में निवेश करें, हम भी आपको रिटर्न गिफ्ट देने में कोई कमी नहीं रखेंगे। उन्होंने निवेशकों से कहा कि यदि आप मध्यप्रदेश के लोगों को रोजगार देने वाला कोई बड़ा उद्योग लगाते हैं तो हमारी सरकार अगले 10 साल तक प्रति लेबर 5 हजार रुपए की सहायता राशि भी मुहैया कराएगी। मुख्यमंत्री, निवेशकों को आकर्षित करने के लिए 19 जुलाई तक दुबई और स्पेन की यात्रा पर हैं

**स्वच्छ सर्वेक्षण पुरस्कार- मुख्यमंत्री**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु 17 जुलाई को नई दिल्ली मे **स्वच्छ सर्वेक्षण पुरस्कार** प्रदान करेंगी। इस बार प्रदेश के आठ शहर शहरी स्वच्छता में अपनी उत्कृष्ट उपलब्धियों के लिए राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाने की दौड़ में हैं। इंदौर सुपर स्वच्छ लीग श्रेणी में नामांकन के लिए लगातार आठवीं बार दौड़ में है जो भारत के सबसे स्वच्छ शहर के रूप में इसकी विरासत की पुष्टि करता है। भोपाल को देश के सर्वश्रेष्ठ राजधानी शहर के लिए नामांकित किया गया है। उज्जैन को तीन से 10 लाख की आबादी वाले शहरों की श्रेणी में जबकि बुधनी नगर को 20 हज़ार से कम निवासियों वाले शहरों की श्रेणी में नामांकित किया गया है। ग्वालियर, देवास, शाहगंज और जबलपुर सहित अन्य शहरों को

विभिन्न श्रेणियों में नामांकित किया गया है। इंदौर "**सुपर स्वच्छ लीग**" में सबसे आगे है। मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने स्वच्छता मित्रों और लोगों को बधाई देते हुए कहा कि प्रदेश स्वच्छता का संकल्प एक जनआंदोलन बन चुका है।

**जयशंकर - चीन**

विदेश मंत्री एस. जयशंकर आज से चीन की दो दिन की यात्रा पर हैं। वे कल तियानजिन शहर में शंघाई सहयोग संगठन के विदेश मंत्रियों की बैठक में भाग लेंगे। बैठक में विभिन्न क्षेत्रों में संगठन के सदस्य देशों के बीच सहयोग तथा प्रमुख अंतरराष्ट्रीय और क्षेत्रीय मुद्दों पर विचार विमर्श होगा। इस समूह में भारत, चीन, रूस, ईरान, कजाख्स्तान, किर्गिस्तान, पाकिस्तान, ताजिकिस्तान, उज्बेकिस्तान और बेलारूस सहित 10 देश हैं। चीन शंघाई सहयोग संगठन का वर्तमान अध्यक्ष है।

**जीएसटी संग्रह**

देश में प्रत्यक्ष कर संग्रह में पिछले दस वर्ष में 274 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। वित्त मंत्रालय के अनुसार, वित्तीय वर्ष 2013-14 और 2024-25 के बीच कर विभाग से जारी रिफंड में 474 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई। कर दाताओं की संख्या भी 133 प्रतिशत बढ़ी है। रिफंड जारी करने के औसत समय में काफी कमी आई है और यह 2013 के 93 दिनों से घटकर 2024 में केवल 17 दिन रह गया है। पिछले दशक में कर प्रशासन में यह सकारात्मक बदलाव डिजिटल बुनियादी ढांचा अपनाने के कारण हुआ है। इससे आयकर रिटर्न भरने की प्रक्रिया अधिक आसान, सटीक और तेज हुई है।

**अच्छी खबर-बैतूल**

आदिवासी बाहूल्य बैतूल जिले के ग्रामीण इलाकों की महिलाएं स्व सहायता समूहों से जुड़कर आत्मनिर्भर बन रही हैं। हमारे संवाददाता ने बताया है कि जिले में 13 हजार से अधिक महिला स्वसहायकता समूहों का गठन कर लगभग 1 लाख 63 हजार परिवारों की जोड़ा गया है।

**प्लेसमेंट ड्राइव- इंदौर**

इंदौर में राष्ट्रीय कौशल प्रशिक्षण संस्थान में आज प्लेसमेंट ड्राइव और 15 जुलाई को कल विश्व युवा कौशल दिवस का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम "एआई और डिजिटल स्किल्स के माध्यम से युवा सशक्तिकरण" की थीम पर आयोजित किया जायेगा, जिसके अंतर्गत युवाओं को आधुनिक तकनीकों, कौशल विकास, रोजगार एवं आत्मनिर्भरता एवं तकनीकी सशक्तिकरण के प्रति प्रेरित करना है। आज प्लेसमेंट ड्राइव में विभिन्न कंपनियाँ भाग लेंगी और प्रशिक्षित युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान किए जाएंगे।

**मौसम - प्रदेश**

अब खबर मौसम की, प्रदेश में लगातार बारिश का दौर जारी है। खास तौर से ग्वालियर-चंबल में मानसून टर्फ और साइक्लोनिक सर्कुलेशन का असर देखने को मिल रहा है। भारी बारिश से कई नदी नाले उफान पर हैं तो वहीं जलाशय भी भर गए हैं। ग्वालियर से हमारे संवाददाता ने बताया है कि जिले के तिघरा जलाशय के तीन गेट देर शाम खोले गए। गेट खोलने से पहले ही तिघरा की डाउन स्ट्रीम में बसे गाँवों को सतर्क कर दिया गया है। कलेक्टर रुचिका चौहान ने आकाशवाणी के माध्यम से निचले इलाके में बसे गाँवों के लोगों और पर्यटकों से एहतियात बरतने की अपील की है।

शिवपुरी जिले में भी लगातार बारिश का क्रम जारी है। दो दिन से जिले के कोलारस, बदरवास आदि क्षेत्रों में जमकर बारिश हो रही है। यहां कल मड़ीखेड़ा डेम के चार गेट खोले गए। मौसम विभाग ने आज इंदौर, उज्जैन, भोपाल, बैतूल, दतिया, ग्वालियर, सहित 35 जिलों में तेज बारिश का अलर्ट जारी किया है।

**सावन सोमवार - प्रदेश**

आज सावन का पहला सोमवार है, इस अवसर पर देशभर से बड़ी संख्या में भक्त महाकाल के दर्शन के लिए उज्जैन पहुंचे हैं। यहां तड़के ढाई बजे मंदिर के कपाट खोले गए। जल से भगवान महाकाल का अभिषेक करने के बाद दूध, दही, घी, शक्कर, शहद और फलों के रस से बने पंचामृत से पूजन किया गया। भस्म आरती के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने दर्शन किए। उज्जैन में आज भगवान महाकाल की पहली शाही सवारी निकाली जाएगी। उधर खण्डवा जिले की तीर्थ नगरी ओम्कारेश्वर में श्रावण माह के पहले सोमवार को आज भगवान ममलेश्वर की सवारी निकाली जाएगी। आगरमालवा, सतना, भोपाल, जबलपुर, नर्मदापुरम सहित सभी जिलों में तड़के से ही शिवलयों में भक्त विशेष पूजन के लिए पहुंच रहे हैं।

**टेस्ट क्रिकेट**

भारत को लॉर्ड्स टेस्ट जीतने के लिए आज 135 रनों की ज़रूरत है। जबकि उसके 6 विकेट शेष हैं। लंदन में एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी के तीसरे टेस्ट मैच में बीती रात चौथे दिन के खेल की समाप्ति पर भारत ने इंग्लैंड के खिलाफ अपनी दूसरी पारी में चार विकेट पर 58 रन बना लिए थे। इससे पहले इंग्लैंड की टीम दूसरी पारी में 192 रन पर ऑल आउट हो गयी। भारत की ओर से वाशिंगटन सुंदर ने 4 विकेट जबकि मोहम्मद सिराज और जसप्रीत बुमराह ने 2-2 विकेट लिए।

**संक्षिप्त समाचार**

1- विधानसभाओं के सदन की समिति प्रणाली की समीक्षा के लिए सात राज्यों की विधानसभाओं के पीठासीन अधिकारियों की समिति की प्रथम बैठक आज आयोजित की गई है।
2- इंदौर जिले में राजस्व के विशेष महा अभियान के तहत एक माह में 8 हजार से अधिक राजस्व प्रकरणों का निराकरण किया गया।
3- मंडला जिले के नैनपुर रेलवे स्टेशन तक विस्तारित इंदौर-सिवनी पेंचवैली एक्सप्रेस के उदघाटन कार्यक्रम में आज सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते शामिल होंगे।
4- शिवपुरी विधायक देवेंद्र जैन ने अपनी विधायक निधि से सेवा भारती छात्रावास में नवीन भोजनालय निर्माण के लिए 13.30 लाख की राशि की प्रदाय की है।
5- खरगोन जिले में नकली खाद भंडारण की सूचना पर कल कृषि विभाग की टीम ने खरगोन के मेनगांव में 650 कम्पोस्ट खाद के बैग जप्त किये है।
6- युवा संगम अन्तर्गत जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन 23 जुलाई को गुना में आयोजित किया जाएगा

********